दिनांक 07.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ आयुक्त के0एल0 चौहान, राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर ने आज जोन 04 शिवाजी नगर कार्यालय के अंतर्गत वार्ड 28 मंगल बाजार की सफाई व्यवस्था एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का जायजा लिया लिया जिसमें डेंगू के मरीजों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उसके बाद वार्ड 26 फौजीनगर में साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए दुर्गा मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर के आसपास अमृत मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन विस्तारीकरण का कार्य किया जा रहा है एवं ठेकेदार द्वारा पाईप लाईन को नाली में डाला जा रहा है तथा पुलिया के पास के नाली को बोल्डर, मिट्टी डालकर बंद किया गया है उसकी शिकायत मोहल्लेवासियों ने आयुक्त चौहान को किया गया था उसके बाद मौके पर पहुंचकर आयुक्त महोदय ने निरीक्षण के दौरान उक्त ठेकेदार के उपर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित जोन आयुक्त को दिया गया, और उक्त नाली में सफाई कराकर मलेरिया आयल, टेलीफांस का छिड़काव कराने के निर्देश दिये। साथ ही नाली के पाईप लाईन व्यवस्थित नहीं होने पर आयुक्त महोदय ने जोन 02 के उपअभिंतया रेवती रमन शर्मा पर नाराजगी व्यक्त की। मकानों में मार्किंग करने का भी निर्देश दिये। आंगनबाड़ी के पास वाल्मिकी द्वारा जानवर को बांध कर रखा गया था उसपर स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि अर्थदण्ड की कार्यवाही करें या जानवर जब्ती की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये, और जानवर के खिलाने के लिए रखे गये टंकी को तोड़ने की कार्यवाही की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी